# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

29/07/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Amar ujala (Meerut,UP)**

# 'हर परिस्थिति से निपटने को तैयार सीआरपीएफ'

## सीआरपीएफ ने धूमधाम से मनाया 80वां स्थापना दिवस, आरएएफ वाहिनी में कमांडेंट शैलेंद्र कुमार ने किया पौधरोपण

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। आरएएफ वाहिनी में शनिवार को सीआरपीएफ का 80 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान 108 वीं वाहिनी रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट शैलेंद्र कुमार ने सलामी ली। इस दौरान दो एएसआई अति उत्कृष्ट सेवा पदक से अलंकृत किए गए।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्थापना नीमच, मध्यप्रदेश में 27 जुलाई 1939 को क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के रूप में हुई थी। बाद में इसका नाम बदलकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) रखा गया।

आरएएफ वाहिनी कमांडेंट शैलेंद्र कुमार ने बताया कि आज केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल देश की प्रमुख सुरक्षा एजेंसी बन गया है। देश को नक्सलवाद की समस्या से मुक्त कराना हो या फिर आतंकवाद से निपटना हो। किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए सीआरपीएफ को ही तैनात किया जाता है। जम्मू कश्मीर से लेकर देश के किसी भी हिस्से की सुरक्षा करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान अक्सर देखे जाते हैं।





आरएएफ वाहिनी में सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर मौजूद अधिकारी और पौधरोपण करते वाहिनी के जवान व महिलाएं। अमर उजाला

क्वार्टर गार्ड पर ध्वजारोहण के बाद कमांडेंट द्वारा गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए जवानों में जोश भर दिया। शैलेंद्र कुमार ने आरएएफ वाहिनी द्वारा गोद लिए गांव सतवाई, कुंडा, खिर्वा नौआबाद में पौधरोपण किया।

आरएएफ वाहिनी सीआरपीएफ की ही बटालियन है। इस दौरान आरएएफ वाहिनी द्वारा निशुल्क चिकित्सा कैंप भी लगाया गया। डिप्टी कमांडेंट शिल्प कुमार ने बताया कि स्वच्छता अभियान बीस जुलाई से शुरू होकर शनिवार तक चला। बीना यादव की अगुवाई में पौधे लगाए गए। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट पवन देव गौड़, असिस्टेंट कमांडेंट मे गौरव कुमार, दिनेशपाल सिंह, कल्याण सिंह, सलमान खां, वामदमन सिंह, इंस्पेक्टर अजय त्यागी, एसआई विरेंद्र सिंह सहित वाहिनी के सभी जवान और कर्मचारी मौजूद रहे।

**Dainik Jagran (Meerut,UP)**

# आरएएफ ने गोद लिए गांवों में लगाए तीन हजार पौधे

जासं, मेरठ : परतापुर के रिठानी स्थित 108-आरएएफ ने शनिवार को धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया और सफाई अभियान चला पौधारोपण किया। साथ ही कमांडेंट ने अफसरों और जवानों को वाहिनी के इतिहास से अवगत कराया।

27 जुलाई को 1939 को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ की स्थापना मध्य प्रदेश के नीमच में हुई थी। इसी उपलक्ष्य में पिछले एक सप्ताह से 108-आरएएफ परिसर में कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे।

पर्यावरण और चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्र के चार गांव सतवाई, कुंडा, खिर्वा नवाबाद और हरियाखेड़ा गांव को गोद लिया था। इन गांवों में कई बार चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों के चेकअप किए और दवा वितरण कर करीब तीन हजार पौधारोपण भी किया। एक सप्ताह तक चले विभिन्न तरह के कार्यक्रम वाहिनी की उप-कमांडेंट शिल्पा कुमार के नेतृत्व में किया गया। कमांडेंट शैलेंद्र कुमार ने पौधारोपण कर सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी।

> अब तक के स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में इस बार वाहिनी ने तीन हजार पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाने की कड़ी में बड़ा कदम उठाया है। आगे भी इस तरह के कार्यक्रम होते रहेंगे। -शिल्पा कुमार, उप-कमांडेंट, 108-आरएएफ



**Aaj (Lucknow,UP)**

# केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का स्थापना दिवस समारोह, शहीदों को श्रद्धांजलि

लखनऊ, शनिवार। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पण के साथ आज केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का ८०वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। बताते चलें कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्थापना २७ जुलाई १९३९ को क्राउन रिप्रेजेन्टेटिव पुलिस के नाम से हुई। तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने २८ दिसम्बर १९४९ को इस बल का नाम बदलकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल किया। उस समय इस बल की मात्र एक बटालियन थी जो आज विश्व का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की ८०वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज टीएन खुन्टिया पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र लखनऊ की अध्यक्षता में एवं राकेश कुमार कमाण्डेंट ग्रुप केंद्र लखनऊ कमाण्डेंट, ९९ आर.ए.एफ. बटालियन, कमाण्डेंट २३३ बटालियन तथा अन्य उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रुप केंद्र, कोरिपुरम लखनऊ में भव्य समारोह मनाया गया। जिसके उपलक्ष्य में सर्वप्रथम शहीद कार्मिकों



को शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि दी
गयी, ग्रुप केंद्र अस्पताल,कोरिपुरम्,
लखनऊ में रोगियों को फल वितरण
किया गया। शाम के समय में विभिन्न
प्रकार के ५०० पौधे लगाये गये, केंद्र
परिसर में निवास करने वाले
अधिकारियों तथा जवानों ने बढ़-
चढ़कर हिस्सा लिया। इस उपलक्ष
में टी.एन.खुन्टिया, पुलिस उ
महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र लखनऊ
वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित सभ
अधिकारियों एवं कार्मिकों क
पर्यावरण को संतुलित रखने के मह
के लिये रिहायसी आवासों एवं के
के खाली स्थानों पर पेड़ लगाने
लिये प्रेरित किया। साथ ही पर्यावर
को प्रदूषित करने वाली पालीथ
आदि सामग्री का उपयोग न क
के लिये प्रेरित किया। केंद्रीय रि
पुलिस बल की स्थापना के उपल
में देर शाम गोमती रीवर फ्रंट
जनेश्वर मिश्र पार्क में ग्रुप
लखनऊ के बैन्ड पार्टी द्वारा
का प्रदर्शन किया गया। बैन्ड
प्रदर्शन को देखते हुये स्थानीय
ने बहुत प्रशंसा की।

Swatntra varta (Medchal,TS)

# केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि



हैदराबाद, 27 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज 81वें सीआरपीएफ स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर का दौरा किया।

केंद्रीय मंत्री ने शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने अपनी मातृभूमि के लिए लड़ते हुए अपनी जान गंवा दी। यहां शहर में आयोजित समारोहों में उन्होंने सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में एक रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया और साथ ही मेजबानों द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

शिविर में युवा अधिकारियों ने मंत्री को सबसे अधिक प्रभावित किया, जिन्होंने एक भीड़-प्रसार के साथ-साथ नक्सल-विरोधी और आतंकवादी-विरोधी अभियानों का डेमो किया।

बाद में उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के समूह केंद्र में सीआरपीएफ कर्मियों और अधिकारियों के एक समूह के साथ एक प्रस्तुति समारोह में भाग लिया। उन्होंने युवा अधिकारियों और प्रेरित लोगों के साथ अपने शब्दों के प्रोत्साहन को भी संबोधित किया।

Hindustan (Prayagraj,UP)

# 140 जवानों की जांच

फाफामऊ। आरएएफ मुख्यालय शांतिपुरम मे सीआरपीएफ के 80वें स्थापना दिवस पर निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें जवानों के दांत की जांच के बाद मुफ्त दवा दी गई। आरएएफ में आशा दंत चिकित्सालय के डॉ. अंशुल शुक्ला, डॉ. सत्यवीर के साथ शिविर लगाया।

**Dainik Jagran (Prayagraj,UP)**

# हेपेटाइटिस के कारण बचाव के बताए उपाए

जासं, प्रयागराज : शांतिपुरम स्थित 101 आरएएफ परिसर में रविवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस एवं विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस आयोजित किया गया। वाहिनी के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.केके सिंह ने हेपेटाइटिस से बचने के उपाए बताए। मुख्य अतिथि कमांडेंट आरके निगम ने पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के संदर्भ में विलुप्त होते जीव जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिए संकल्पित होने का आग्रह किया। सुनीता निगम भी मौजूद थीं।

**Hindustan (Prayagraj,UP)**

# हेपेटाइटिस के बारे में दी जानकारी

प्रयागराज। क्षेत्रीय सीआरपीएफ परिवार कल्याण एसोसिएशन 101 की ओर से विश्व हेपेटाइटिस दिवस और विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर कार्यक्रम हुआ। शांतिपुरम फाफामऊ स्थित 101 वाहिनी द्रुत कार्यबल परिसर में वाहिनी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके सिंह ने हेपेटाइटिस के कारण और उससे बचने के उपाय के बारे में जानकारी दी। हेपेटाइटिस के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमांडेंट आरके निगम ने पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक रहने की सलाह दी।

Rajasthan Patrika (Ahmedabad,Guj.)

# सीआरपीएफ जवानों को किया याद

## आरएएफ ने मनाया सीआरपीएफ दिवस



अहमदाबाद. वस्त्राल स्थित 100 बटालियन आरएएफ की ओर से शनिवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 81वीं स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर आरएएफ जवानों और अधिकारियों ने एक परेड की।

बटालियन के कमाण्डेन्ट पुष्पेन्द्र कुमार ने सलामी ली एवं परेड का निरीक्षण किया। परेड के बाद कमाण्डेन्ट के साथ अधिकारियों और जवानों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले सीआरपीएफ के शहीद जवानों को शहीद स्मारक पर सलामी दी एवं पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बाद में वाहिनी के क्वार्टर गार्ड पर सलामी लेने के साथ ही कमाण्डेन्ट ने 100वीं वाहिनी में तैनात कार्मिकों को सैनिक सम्मेलन में सम्बोधित किया, जिसमें कमाण्डेन्ट ने सीआरपीएफ की उपलब्धियों, गौरव एवं परम्परा के बारे में जवानों को जानकारी दी गई और बल को नई-नई ऊंचाइयों एवं आयामों तक ले जाने का आव्हान किया। उल्लेखनीय हे कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की 150वीं वर्षगांठ एवं सीआरपीएफ के 81वें स्थापना दिवस पर 100 बटा. आरएएफ की ओर से आयोजित साइकिल रैली 15 जुलाई को गांधीनगर गुजरात से शुरू की गई, जो 13 दिनों में 982 किलोमीटर दूरी पर इंडिया गेट पहुंचेगी। इस अवसर पर वाहिनी के समवायों ने गोद लिए गए गांवों में भी लगभग 2000 पौधे लगाये गए। साफ सफाई अभियान चलाया गया और निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जरुरतमंदों को दवाईयां वितरित की गई। वहीं वाहिनी परिवार कल्याण केन्द्र की ओर से कार्मिकों के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता की गई। अंतर समवाय वॉलीबाल प्रतियोगिता का मैच खेला गया। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कमान्डेंट ने पुरस्कृत किया।

**Prabhat Khabar (Deoghar,JKD)**



पार्वती मंदिर में कांवरियों को कतारबद्ध करतीं महिला पुलिस कर्मी.



Dainik Jagran (Deoghar,JKD)

# पूरी मुस्तैदी के साथ करें कर्त्तव्य का निर्वहन : आइजी



दूसरी सोमवारी को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते आईजी • जागरण



बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारी

**जागरण संवाददाता, देवघर** : सावन की दूसरी सोमवारी पर अपनी पूरी निष्ठा, लगन व मुस्तैदी के साथ कांवरियों की सेवा में तत्पर रहें।

इसी संदेश के साथ संताल रेंज के आइजी रंजीत कुमार प्रसाद ने सूचना भवन में रविवार को पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान आइजी ने सभी अधिकारियों को दूसरी सोमवारी को पहली सोमवारी से डेढ़ गुना अधिक संख्या में कांवरियों का दल जलार्पण बाबाधाम पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में इन कांवरियों को सुरक्षित व सुगमतापूर्वक जलार्पण कराने को लेकर पूरी तरह अलर्ट रहना पड़ेगा।

कर्तव्य का पालन करने के दौरान प्रतिनियुक्ति स्थल पर पूरी चौकस होकर अपनी सेवा को निभाएं।

## बैठक में निर्देश

- संताल रेंज के आइजी ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक
- दूसरी सोमवारी को लेकर पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रहने का निर्देश

जलार्पण के कतारबद्ध होने वाले कांवरियों को लाइन ही भेजें। वहीं कतार को खाली नहीं रहने दें। सबको कतार में निरंतर आगे बढ़ाते रहे। मौके पर आइजी ने कहा कि दूसरी सोमवारी को लेकर पुलिस पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त है।

पहली सोमवारी के दौरान कहीं किसी तरह की कमी रह गई होगी तो उसे दूसरी सोमवारी को दूर करने का हरसंभव प्रयास किया गया। कांवरियों की किसी तरह का कष्ट होने नहीं दिया जाएगा।

ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों को मनोबल बढ़ाने का काम किया गया है। मौके पर डीआइजी राज कुमार लकड़ा, एसपी नरेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी डीएसपी रैंक के अधिकारी मौजूद थे।

## Namaste Telangana (Medchal,TS)






99bn RAF deployed for Bonalu Festival in Hyderabad city under DCP S/Z

## Sakshi (Medchal,TS)



విన్యాసాలు చేస్తున్న సీఆర్‌పీఎఫ్ జవాన్లు



వాక్‌లో పాల్గొన్న గవర్నర్

# అబ్బురపరిచే విన్యాసాలు

ఖైరతాబాద్: రోజు రోజుకూ భూమిలో నీటి సాంద్రత తగ్గిపోతోందని, ప్రతి ఒక్కరూ నీటి పొదుపులో భాగస్వాములు కావాలని గవర్నర్ నరసింహన్ అన్నారు. ఆదివారం నెక్లెస్ రోడ్డు పీపుల్స్ ప్లాజాలో 81వ సీఆర్‌పీఎఫ్ రేయిసింగ్ డే సెలబ్రేషన్స్ సందర్భంగా సేవ్ వాటర్ – సేవ్ ఎర్త్ నినాదంతో నిర్వహించిన 5కె వాక్ గవర్నర్ ప్రారంభించారు. ఈ సందర్భంగా ఏర్పాటుచేసిన కార్యక్రమంలో గవర్నర్ మాట్లాడుతూ భూగర్భ జలాలను పెంచేందుకు ప్రతి ఒక్కరూ కృషిచేయాలన్నారు. ఈ సందర్భంగా 99 బెటాలియన్ సభ్యులు నిర్వహించిన మల్కం విన్యాసాలు అందర్నీ ఆకట్టుకున్నాయి. 5కె వాక్‌లో గవర్నర్‌తో పాటు మాజీ డీజీపీ దుర్గాప్రసాద్, ఐజీ ఆర్.కె.నాయక్, డిఐజీలు వినోద్‌కుమార్, రఘురాం తదితరులు పాల్గొన్నారు.

99bn RAF 81st CRPF raising Day 5km walkathon was organized at peoples Plaza, necklace road Hyderabad

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF









**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**